नवरात्रि

मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की नौ दिनों तक की जाएगी पूजा-अर्चना

# आज से प्रारंभ हो रही चैत्र नवरात्रि, पालकी में सवार हो आएंगी मातारानी



**नवभारत,जबलपुर ।** चैत्र नवरात्र हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है, जिसमें मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की नौ दिनों तक पूजा-अर्चना की जाती है। यह व्रत, उपासना और आत्म शुद्धि का समय होता है, जहां भक्त सुख-समृद्धि, शांति और विजय की कामना करते हैं। गुरुवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र को लेकर बुधवार को तैयारियां की गयीं। घरों से लेकर मंदिरों में माता के दरबार को सजाया गया। नवरात्र को लेकर मां के भक्तों में खासा उत्साह रहा। बाजारों में काफी चहल-पहल रही। बाजारों में नवरात्र पर मां दुर्गा के पूजन में प्रयोग होने वाली सामग्री की दुकानें सजी थीं। पंडित रमेश दुबे के अनुसार नवरात्रि के पहले दिन घर की शुद्धि कर पूजा स्थल तैयार किया जाता है। लाल वस्त्र पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर कलश स्थापना की जाती है, जिसमें जल, आम के पत्ते और नारियल रखा जाता है। जौ बोना समृद्धि का प्रतीक माना जाता है और नौ दिनो तक विधि-विधान से पूजा, दुर्गा सप्तशती या चालीसा पाठ करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यदि श्रद्धा और नियमपूर्वक पूजा की जाए तो मां दुर्गा की कृपा से जीवन में सुख, शांति और उन्नति प्राप्त होती है।

### घट स्थापना का शुभ मुहूर्त

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा आज यानि 19 मार्च दिन गुरुवार को नवरात्रि का प्रारंभ चुकी है घटस्थापना के लिए प्रातः 6:45 बजे से 9 बजे तक का समय सर्वश्रेष्ठ रहेगा। 10 बजे से 1 बजे तक। यदि यह समय छूट जाए तो अभिजीत मुहूर्त (दोपहर 12 से 12:50 बजे तक) भी स्थापना की जा सकती है। शाम को 6.20 से 8.50 तक भी शुभ मुहुर्त है।

### 'नारायणी सेना की भगवाध्वज मंगल कलश यात्रा आज

सनातन हिन्दू नववर्ष पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नारायणी सेना की भगवाध्वज मंगल कलश यात्रा नवरात्र के प्रथम दिवस दिन आज गुरूवार को दोपहर 4 बजे निकलेगी। जानकारी के अनुसार कलश यात्रा का शुभारंभ दमोह नाका हितकारिणी स्कूल से आध्यात्मिक, सनातनी धर्म प्रेमी ,साधु संतों के सानिध्य में आचार्य पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चारण की ऊर्जा के साथ श्री गणेश होगा। जो शहर के प्रमुख मार्ग मिलौनीगंज, कोतवाली, सराफा, कमानिया, अंधेर देव,करमचंद चौक, मालवीय चौक गंजीपुरा से होती हुई चरहाई में समापन होगा। इस अवसर पर नारायणी सेना के सीताराम सेन, राजकुमार भोजक, अरविंद दुबे, करन साहू, अनिल उसरेटे, मनोज जायसवाल,जमुना प्रसाद चौरसिया,राजू सेन,अजय सेन, मुन्नू रैकवार,महेंद्र रजक,अभिषेक सेन, पियूष बर्मन आदि ने सभी सनातनी आध्यात्मिक हिंदुओं ,मातृशक्ति से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर भारतीय संस्कृति का परिचय दें।

### बेटी जब ससुराल पहुंचती है तो उसे लक्ष्मी स्वरूप मानते हैं

चैत्र नवरात्रि 2026 में मां दुर्गा का आगमन पालकी या डोली पर हो रहा है, क्योंकि नवरात्रि की शुरुआत गुरुवार, 19 मार्च को हो रही है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पालकी पर माता का आगमन शुभ नहीं माना जाता है जिसपर पंडित रमेश दुबे ने बताया कि बेटी जब ससुराल पहुंचती है तो उसे लक्ष्मी स्वरूप मानते हैं, ऐसे में मां भगवती का पालकी में सवार होकर आना अशुभ कैसे माना जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि नवरात्र में देवी इस बार पालकी पर सवार होकर आ रही हैं। जिसका सामान्यतः मध्यम फल माना जाता है।

### इनका कहना है



आज से मां भगवती के शुभ दिन प्रारंभ हो रहे हैं। माता रानी पालकी में सवार होकर आ रही है। आज गुरुवार के दिन ही अमावस्या भी पड़ रही है। जिसके चलते लोगों के बीच में भ्रम की स्थिति भी उत्पन्न हो रही थी। माता रानी सभी का भला करेंगी।

**पं. रमेश दुबे**



# चेटीचंद्र पर आस्था का सैलाब, शोभायात्रा ने मोहा मन

भगवान झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज का विशाल आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** चेटीचंद्र के पावन अवसर पर जबलपुर में सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इष्ट देव भगवान झूलेलाल जी की आकर्षक प्रतिमा के साथ निकले इस चल समारोह ने शहर की फिज़ा को भक्तिमय बना दिया। 'झूलेलाल बेड़ा ही पार' के जयकारों के बीच यात्रा का शुभारंभ हुआ और देखते ही देखते सड़कों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कैंट विधायक अशोक रोहाणी सहित अभिलाष पांडे, जगत बहादुर अन्नू, विनय सक्सेना, स्वामी अशोकानंद, प्रदीप महाराज, डॉ. जय रोहाणी, तारू खत्री, सुधीर भागचंदानी, श्याम असवानी, जय सचदेवा,



उमेश परवानी, राजकुमार कंधारी, गोपी खेमानी, पितू जयसिंघानी, दिलीप हिरानी, मुकेश आहुजा, विशाल कृष्णनी, प्रह्लाद जगवानी, दिनेश जयसिंघानी, दीपु बालानी, हनी सवलानी, राहुल माखीजानी, कपिल, मयूर कुलसेजा, सोनू लालवानी, जीतू खत्री, मयंक मतानी और दीपक मंगलानी की विशेष उपस्थिति रही। भारतीय महिला शाखा से मनीषा रोहाणी, परी कृष्णानी, नेहा जगवानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### रंग-बिरंगी झांकियां, ढोल-नगाड़ों की गूंज

यात्रा के दौरान रंग-बिरंगी झांकियां, ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्ति गीतों पर थिरकते युवा आकर्षण का केंद्र बने रहे। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सिर पर कलश सजाए चल रही थीं, वहीं बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। पूरा मार्ग भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आया। शहर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं और व्यापारिक संगठनों द्वारा शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा, प्रसाद वितरण और पेयजल की व्यवस्था ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। हर वर्ग के लोग इस आयोजन में शामिल होकर अपनी श्रद्धा प्रकट करते नजर आए।

## एक नजर में



### स्वर्ण सरोवर द्वारा मातारानी की स्वराधना

**नवभारत, जबलपुर।** दुर्गा है मेरी मां, अंबे है मेरी मां, चलो बुलावा आया है....., नमामि देवी नर्मदे..... आदि भक्तिगीतों द्वारा नवरात्र की पूर्व संध्या में मां भवानी और नर्मदा माई की आराधना की गई। स्वर्ण सरोवर गीतमाला का रंगारंग कार्यक्रम शहीद स्मारक, गोलबाज़ार में आयोजित हुआ। धार्मिक गीतों के साथ- साथ सदाबहार गीतों की भी हृदयानुरागी प्रस्तुति ने जनमानस को झूमने- थिरकने को मजबूर कर दिया। सीता सराफ, रूमा बैनर्जी, राधा थापा, मंजुलता चतुर्वेदी, वर्षा सक्सेना, रजनी राजपूत, नूपुर स्थापक, मंजूषा कोरी, डॉ पुरुषोत्तम सराफ, मनोज शर्मा, महेश मेश्राम, विजय जाटव, संजय सराफ, जगतराम शिवहरे, राजेंद्र कोरी आदि ने सुर सरिता प्रवाहित की। वही तनिष्क शुक्ला के चाचा शैलेन्द्र शुक्ला ने तनिष्क को इंडियन आइडल का विजेता बनाने के लिए वोटिंग अपील की। मंच संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण' तथा डॉ पुरुषोत्तम सराफ ने किया।



### बालाजी मंदिर में 75वां रामनवमी महोत्सव 20 को

**जबलपुर, नवभारत।** कांची कामकोटि पीठ और दक्षिण भारतीय भजन सभा के द्वारा 75 वा रामनवमी महोत्सव का आयोजन 20 मार्च से प्रारंभ होंगे और 29 मार्च को भंडारा प्रसाद के साथ समापन होगा की उक्त जानकारी दक्षिण भारतीय भजन सभा की अध्यक्ष पी रामन व श्री रमणीक ने पत्रकार वार्ता में दी श्री रामन ने बताया कि जबलपुर में दक्षिण भारतीय भजन सभा और कांची काम कोटि पीठ के द्वारा विगत 75 वर्षों से रामनवमी महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जाता है इस वर्ष भी रामनवमी महोत्सव का हीरक जयंती वर्ष है इस वर्ष परंपरा के अनुसार बालाजी मंदिर में दक्षिण भारतीय भजन सभा द्वारा 20 मार्च को गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया जाएगा 21 मार्च को श्री रामचंद्र एवं माता सीता का विधि विधान के साथ विवाह आयोजन प्रारंभ होगा 22 मार्च को रविवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक वैदिक परंपराओं के अनुसार माता सीता एवं भगवान श्री राम का दिव्य विवाह सीता राम जी कल्याणम संपन्न किया जाएगा कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण होगा 23 मार्च को शाम 6:00 बजे से राम परिवार रथ शोभा यात्रा आयोजन किया जाएगा रथ यात्रा में भगवान राम सीता भक्त श्री हनुमान जी की दिव्या झांकियां निकाली जाएगी शोभायात्रा बालाजी मंदिर माढ़ोताल से प्रारंभ होगी और मालवीय चौक तीन पत्ती चौक से होते हुए बालाजी मंदिर में समापन होगा।

### यूएएन से जुड़े खातों में डीबीटी अनिवार्य, नहीं तो अटक सकते हैं लाभ

**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत भविष्य निधि सदस्यों को मिलने वाले लाभ अब सीधे बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दिए जाएंगे। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत ने बताया कि इसके लिए सभी सदस्यों का बैंक खाता आधार से लिंक और डीबीटी सक्रिय होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि 1 अगस्त 2025 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को योजना का लाभ लेने हेतु यूएएन के साथ आधार-आधारित फेस ऑथेंटिकेशन अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा। साथ ही यूएएन पोर्टल पर बैंक विवरण सही और अद्यतन रखना भी जरूरी है। सहरावत ने सभी सदस्यों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने बैंक खातों को डीबीटी के लिए सक्षम करें और आधार सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण करें, अन्यथा भविष्य निधि से जुड़े भुगतान में देरी या असुविधा हो सकती है।

# आरसीएफसी सेंटर पूरे देश में नई दिशा प्रदान करेगा : डॉ . महेश

दो दिवसीय औषधीय पादपों पर राष्ट्रीय स्तर के क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का शुभारंभ



**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के पादप किया विज्ञान विभाग के तत्वाधान में कृषि महाविद्यालय, जबलपुर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार में दो दिवसीय औषधीय पादपों पर राष्ट्रीय स्तर की क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का उद्घाटन डॉ. महेश कुमार दधीच, सीईओ, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के मुख्य आतिथ्य एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में किया गया। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में वेटरनरी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा, भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं मुख्यवक्ता डॉ. दिनेश कुलकर्णी, राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय एग्रो इकोनॉमी सेंटर, नईदिल्ली, प्रमोद चौधरी, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डॉ. जयंत भट्ट, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी मंचासीन रहे। मुख्यअतिथि की आसंदी से डॉ. महेश कुमार ने कहा कि यह सम्मेलन औषधीय पौधों के क्षेत्र में उभरते रुझानों पर मंथन और भविष्य की रणनीति विषय पर एक बेहरीन मंच है। आपने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से किसानों, उद्योगों, व्यापारियों, मार्केट और शोध संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा, ताकि इस क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हो सके। आरसीएफसी सेंटर, मध्यक्षेत्र के उद्घाटन के अवसर पर डॉ. महेश ने कहा कि यह केन्द्र मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में ही नहीं काम करेगा अपतु भविष्य में पूरे देश में नई दिशा प्रदान करेगा। वेटरनरी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ मनदीप शर्मा ने कहा कि हमारे भारत देश में प्राचीन काल से ही औषधीय पौधों एवं जड़ी-बूटियों का चिकित्सीय पद्धतियों के इस्तेमाल में बेहतर उपयोग किया जाता रहा है। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉ. दिनेश कुलकर्णी ने कहा कि किसानों को दृष्टिगत रखते हुए कृषि अनुसंधान हो, जिससे किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा हो सके।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा द्वारा एवं आभार प्रदर्शन प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ. सी. . शुक्ला द्वारा किया गया।इस अवसर पर अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, कुलसचिव, डॉ. ए.के. जैन, उपलेखा नियंत्रक डॉ. अजय खरे, डॉ. बी.के. दीक्षित, डॉ. दीपक राठी, डॉ. नम्रता जैन सहित सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक, किसान, केता-विकेता सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ईद का चांद आज नजर आने की उम्मीद

उन्नतीसवां रोजा 19 मार्च जुमेरात
रोजा अफ़्तार, 6 :26 बजे
सहरी सुबह, 4 :45 बजे



**नवभारत,जबलपुर।** मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हज़रत डॉ. मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी के अनुसार आज 19 मार्च जुमेरात मुताबिक 29 रमजान को ईद उल फित्र का चाँद नज़र आने की उम्मीद है। लिहाजा सांय मगरिब के वक्त चाँद देखने की पूरी कोशिश करें। चाँद नज़र आने पर मौलाना साहब के मोबाइल नंबर 9302256729, 9303899999, 8889186720 पर फौरन इत्तिला दें, ताकि राब्ता कायम करने में सहूलियत हो और चाँद का एलान किया जा सके।

### सूपाताल और मदन महल दरगाह पर अफ्तार-ए-आम आज

मदरसा अहले सुन्नत गढ़ा की जानिब से आज 29वें रोज़े जुमेरात को सूपाताल स्थित मस्जिद गुलशन-ए-तैयबा में अफ़्तार-ए-आम का एहतेमाम किया गया है। हाजी इशाक, हाफिज नूरुल इस्लाम, हाफिज असद कर्बलाई आदि ने रोज़ेदारो से शिरकत की गुजारिश की है। इसी क्रम में मदन महल पहाड़ी पर स्थित पीरान-ए-पीर की दरगाह में भी आज जुमेरात को अफ़्तार-ए-आम का एहतेमाम किया गया है, जिसमें सभी से शिरकत की अपील की गई है।



## जबलपुर में हुई मप्र की पहली रोबोटिक प्रोस्टेट सर्जरी

▶ अब प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए बड़े शहरों की जरूरत नहीं

**नवभारत, जबलपुर।** अपोलो हॉस्पिटल में मध्यप्रदेश की पहली सफल रोबोटिक प्रोस्टेट सर्जरी कर चिकित्सा क्षेत्र में नया इतिहास रचा गया। यह जटिल सर्जरी यूरोलॉजिस्ट डॉ प्रणल सहारे के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस उपलब्धि के साथ म.प्र. उन चुनिंदा राज्यों में शामिल हो गया है जहां रोबोटिक तकनीक से प्रोस्टेट कैंसर का इलाज उपलब्ध है। वरिष्ठ सर्जन डॉ गणेश गोरथी के मार्गदर्शन में हुई इस सर्जरी को स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी प्रगति माना जा रहा है। अपोलो हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ शोभित बड़ेरिया ने कहा कि अब प्रदेश के मरीजों को विश्वस्तरीय इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से कम चीरा, कम दर्द, तेजी से रिकवरी और बेहतर जीवन गुणवत्ता जैसे कई लाभ मरीजों को मिल रहे हैं, जिससे यह तकनीक भविष्य की चिकित्सा दिशा तय कर रही है। प्रेसवार्ता में बिजनेस हेड नीलेश रावल भी उपस्थित रहे।

## अमरेश पटेल जिला अध्यक्ष नियुक्त



**नवभारत,जबलपुर।** आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश में संगठन विस्तार के साथ नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर (पूर्व कानून मंत्री, दिल्ली सरकार) द्वारा जारी सूची में जबलपुर के अमरेश पटेल को आम आदमी पार्टी के किसान विंग का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# पं . कुजीलाल दुबे की 130वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** पद्मभूषण पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जयंती के अवसर पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और राजनैतिक हस्तियां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उनके पौत्र-दामाद एवं फिनिक्स ग्रुप के चेयरमैन सुमित कालिया ने उनके आदर्श जीवन, ईमानदारी और निष्कलंक व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि पं. दुबे का जीवन आज भी प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राजेश कुमार वर्मा, शेखर दुबे, शशी दुबे, गोलू दुबे, विजय कांडा, राजेंद्र चौधरी, दीपक सिंह राजपूत,



रूपलाल यादव, मुकेश राठौर, प्रवीण पाठक, लक्ष्मी बेन, विजय रजक, भगतराम सिंह, महेश पसीने, देवेंद्र सरीन, उमेंद्र सिंह ठाकुर, पिंकी, दिनेश चौधरी, बृजभान सिंह ठाकुर, योगेश गिनोरे, मथुरा प्रसाद, संजय तिवारी, तजिंदर सिंह, सचिन यादव, डिम्पी बिंद्रा, मोनू अग्रवाल, आनंद साहू, सुजीत अवस्थी, अभिषेक तिवारी और राहुल सरीन सहित फिनिक्स परिवार एवं दुबे परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# 40 घंटे का मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम समावेशी न्याय को सुदृढ़ करेगा : मुख्य न्यायाधीश सचदेवा






**नवभारत,जबलपुर।** समावेशी न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा देश का प्रथम श्रवण एवं वाणी बाधित प्रोफेशनल्स तथा साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर्स के लिए 40 घंटे का 5 दिवसीय मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 18 मार्च तक इंदौर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का समापन सत्र 18 मार्च को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के समिति कक्ष क्रमांक-1 में न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायमूर्ति विवेक रूसिया, कार्यपालक अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा अन्य न्यायमूर्तिगण की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इंदौर एवं ग्वालियर खंडपीठ के माननीय न्यायमूर्तिगण वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए यह कार्यक्रम पांच दिवसीय प्रशिक्षण की प्रमुख झलकियों का वीडियो प्रस्तुतीकरण दर्शाया जाकर प्रारंभ किया गया। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस पहल के सकारात्मक एवं परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित किया। तत्पश्चात, मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति, उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली की वरिष्ठ प्रशिक्षक अनुजा सक्सेना एवं रीमा भंडारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा अनुभव साझा किये।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर धरमिन्दर सिंह, रजिस्ट्रार जनरल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं रजिस्ट्री के अधिकारीगण, उमेश पांडव, निदेशक, मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी एवं अकादमी के अधिकारीगण, सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, अरविन्द श्रीवास्तव, अतिरिक्त सचिव, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अनिरुद्ध जैन, उप सचिव, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

### नवाचार करता है बाधाओं को दूर

अपने समापन उद्बोधन में न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि न्याय का वास्तविक स्वरूप तभी साकार होता है जब वह प्रत्येक व्यक्ति तक सुलभ हो। उन्होंने यह भी व्यक्त किया कि संवाद में आने वाली बाधाएं न्याय तक पहुंच में अवरोध उत्पन्न करती हैं और इस प्रकार के नवाचार इन बाधाओं को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मुख्य न्यायाधिपति द्वारा यह भी कहा कि मध्यस्थता केवल मौखिक संवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समझ, संवेदनशीलता और विश्वास पर आधारित प्रक्रिया है।